

## एक नजर में

### तिवारी का निधन

**कांटाफोड़** । नगर के युवा विनोद तिवारी का निधन हो गया। स्थानीय मुक्तिधाम पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। नगर के गणमान्य नागरिको इष्ट मित्रो ने मुक्तिधाम पर श्रृद्धांजलि देकर शोक संवेदना व्यक्त की।

### आदि कर्मयोगी है हम -आदि कर्म योगी हम




**सतवास** ।जन जातीय गौरव पखवाड़ा अंतर्गत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में सांदीपनि शा. उ. मा.वि.सतवास में , संकुल प्राचार्य आशा जोशी के मार्गदर्शन में सामूहिक गीत गायन का आयोजन किया गया , अर्द्ध वार्षिक परीक्षा के पश्चात आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र - छात्राओं ने सांस्कृतिक शिक्षक और गीतकार मनोज दुबे के द्वारा आदि कर्म योगी अभियान के लिए लिखे गए स्व रचित गीत की पंक्तियों को सामूहिक गायन के रूप में गाया , गीत की हृदय स्पर्शी पंक्तियाँ ,एक नया सपना लेकर गाँव-गाँव जाना है गाँव- गाँव जागृति का दीपक जलाना है, अंधकार दूर होगा, लो से लो मिलाऐंगे, घर घर में उम्मीदों का सूरज उगाऐंगे, जब तलक मिले ना लक्ष्य, ना लेंगे अपने दम में दम आदि कर्मयोगी हम आदि कर्म योगी हम । इन पंक्तियो ने सभी को भाव विभोर कर दिया। संकुल प्राचार्य आशा जोशी ने सभी को जन जातीय गौरव पखवाड़ा के विषय में विस्तार से बताया ।कार्यक्रम में रेवाराम हरियाले , जितेंद्र कटारा, गणेश धुर्वे, हीरालाल बर्मन दीपिका जोशी, अशोक शर्मा, अलकेश राठौर, चिंतामणि बैरागी, सुभाष मान्धानया, सलीम खान, तोताराम सोनेर, मकबूल खान, हबीब खान,पंकज बैरागी, आनंद शर्मा, सुरेश रानियां, गजानंद यादव, मनोज राठौर, माया उपाध्याय हाशिम खान, राहुल पचार सहित संपूर्ण स्टॉफ का सहयोग रहा।

### राष्ट्रीय प्रेस दिवस के उपलक्ष्य में होगा प्रादेशिक सम्मेलन

**बागली** । पत्रकार सुरक्षा एवं कल्याण के लिए प्रतिबद्ध अखिल भारतीय संगठन प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स अपना आठवां स्थापना दिवस सहित राष्ट्रीय प्रेस दिवस के उपलक्ष्य में बैतूल जिला इकाई के आयोजित कार्यक्रम में मनाएगा। संगठन की बैतूल जिला इकाई के जिला अध्यक्ष इरशाद खान ने बताया कि यह उनके लिए सौभाग्य की बात है कि प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स के प्रदेश पदाधिकारी के साथ-साथ राष्ट्रीय पदाधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल रहेंगे।आगामी 21 नवंबर 2025 को आयोजित यह कार्यक्रम स्थानीय बी आर सी क्लब बैतूल में संपन्न होगा।एक दिवसीय इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश सहित अन्य प्रांत से पत्रकारों के आने की सूचना भी मिली हैं।पी सी डब्ल्यू जे के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर खालिद कैस ने बताया कि यह संगठन अपना आठवां वर्ष पूर्ण कर रहा है,और बैतूल में गरिमामय कार्यक्रम के तहत आगामी संगठन की रूपरेखा तैयार की जाएगी।इसके लिए एक माह पूर्व से तैयारी शुरू की गई है।इस अधिवेशन में देश भर से लगभग 100 से अधिक पत्रकार साथी इस महत्वपूर्ण आयोजन में शामिल होंगे। संगठन की डिजिटल मीडिया इकाई के प्रदेश अध्यक्ष सुनील योगी ने बताया कि यह कार्यक्रम पूरी तरह गैर राजनीतिक है।लेकिन मर्यादा बनाए रखने हेतु क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।संगठन के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर खालिद कैस ,प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर शरद मिश्रा,राष्ट्रीय महासचिव रियाज़ खान राजस्थान,राष्ट्रीय संगठन सचिव रेखा सोलंकी दिल्ली,राष्ट्रीय सचिव मीर मोहम्मद अली तेलंगाना,तेलंगाना इकाई प्रदेश संयोजक डिजिटल मीडिया विभाग मोहम्मद शिराज, डिजिटल मीडिया विभाग राष्ट्रीय महासचिव सैयद रिजवान अली विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।जिला बैतूल जिला इकाई की मेजबानी में देश भर के क्रांतिकारी पत्रकारों का सम्मान भी किया जाएगा।

### आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ सड़कों पर उतरा सिंधी समाज




**देवास** । जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के नेता अमित बघेल द्वारा सिंधी समाज के इष्टदेव भगवान श्री झूलेलाल जी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां की गई, जिससे पूरे देश के सिंधी समाज रोष व्याप्त है।इसी कड़ी में देवास में भी सिंधी समाज ने अमित बघेल के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग करते हुए आक्रोश जताया।समाज अध्यक्ष अनिल पंजवानी, महिला अध्यक्ष सोनी आहूजा (पार्षद) के नेतृत्व में मोहनधाम मंदिर से आक्रोश वाहन रैली निकाली गई। यह रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंची।यहां पर भगवान झूलेलाल जी के जयकारे लगाने के साथ ही नारेबाजी की गई तथा अमित बघेल के खिलाफ मुख्यमंत्री से कार्रवाई की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। इसके बाद रैली पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची, यहां पर पुलिस अधीक्षक को कार्रवाई के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि अमित बघेल के खिलाफ ना सिर्फ कार्रवाई की जाए, बल्कि पुलिस प्रकरण भी दर्ज किया जाए, ताकि भविष्य में कोई भी समुदाय विशेष के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने से बचे।इस दौरान समाजजन हाथों में तख्तियां लेकर विरोध जता रहे थे। इस दौरान समाज के वरिष्ठ मनोज राजानी, मनोहर पमनानी, अशोक पेशवानी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी संजय तलरेजा ने दी।

### आसाराम बापू पक्ष में जजमेंट आने पर उत्सव मनाया

**देवास** । श्री योग वेदांत सेवा समिति देवास द्वारा सभी सत्संगियों की भावनाओं के अनुसार, गुजरात एवं राजस्थान कोर्ट द्वारा सकारात्मक निर्णय आने से बहुत ही धूमधाम से उत्सव मनाया गया।यह कार्यक्रम देवास में बालाजी धाम में मनाया गया।सर्वप्रथम ऑडियो भजन कीर्तन हुआ ।उसके पश्चात श्री आशा रामायण का पाठ हुआ और पाठ के पश्चात खूब धूमधाम से भजन कीर्तन हुए और भजन के पश्चात, बालाजी धाम में गेट से लगाकर विभिन्न सड़कों पर होते हुए आसपास शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में बापूजी का श्रीचित्र एवं गुरु पादुका को बारी बारी से सिर पर रखकर भाई-बहनों द्वारा परिक्रमा लगाई गई।यात्रा में भाई बहन भजन कीर्तन पर खूब खुशी मनाते हुए उल्लास में झूमते हुए जा रहे थे।युवा सेवा संघ के भाई बीच-बीच में पटाखे भी छोड़ रहे थे ।धूमधाम से यात्रा निकालने के पश्चात आरती की गई।आरती मुख्य रूप से गोविंददास बैरागी दंपति द्वारा की गई। श्री बैरागी द्वारा ही विभिन्न व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी निभाई गई। उपर्युक्त जानकारी देते हुए समिति के मधुसूदन अग्रवाल द्वारा बताया गया कि आरोग्यधाम से गुरुदेव के जोधपुर आश्रम आजाने पर,जिस तरह वहां हर्षोल्लास मनाया गया, उसी तरह देवास में भी भक्तों के अपार समूह द्वारा, खुशी में श्रीआशा रामायण पाठ, भजन कीर्तन एवं संकीर्तन यात्रा का आयोजन किया। गया।इसी के साथ निर्धन परिवारो में मिठाई, वस्त्र एवं आश्रम साहित्य का वितरण भी किया गया। 13 वर्ष के इंतजार के बाद भी करोड़ों साधकों की श्रद्धा में तनिक भी कमी नहीं आई, और बल्कि सेवा साधना बढ़ती ही जा रही है ।गुरुदेव की झलक पाने के लिए भक्तों की अपार भीड़ उमड़ रही है।

### ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर ने तय की फैशन की अगली दिशा

**देवास** . ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर, जिसे भारत में फैशन की सबसे महत्वपूर्ण आवाज माना जाता है, 2025 में एक बार फिर लौट रहा है. इस बार भी यह टूर फैशन, क्रिएटिविटी और संस्कृति को एक साथ लाकर एक शानदार मंच तैयार करेगा. यह मंच द वन एंड ओनली की थीम पर आधारित होगा, जो आने वाले समय में फैशन की अगली दिशा तय करेगा. टूर की शुरुआत गुरुग्राम में 'द फ्यूचरवर्स ऑफ फैशन' से होगी, जिसमें डिज़ाइनर फाल्गुनी और शेन पीकॉक अपने कलेक्शन पेश करेंगे. पर्नोड रिकर्ड इंडिया की सीएमओ डेबाश्री दासगुप्ता ने कहा ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर भारतीय फैशन का सबसे प्रतिष्ठित मंच रहा है. हमारी 'द वन एंड ओनली' सोच के साथ हम भारत के बेहतरीन डिज़ाइनरों और एफडीसीआई के सहयोग से फैशन और स्टाइल के विकास में नए मापदंड स्थापित करते आ रहे हैं.

# धोखाधड़ी के मामले में 5 लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज

**आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल**

**देवास** । जब से अचल संपत्ति के भाव बढ़े है, तब से भूखंड खरीदी-बिक्री में धोखाधड़ी के मामले भी बढने् लगे है। ऐसा ही एक मामला रसूलपुर बायपास चौराहा पर उजागर हुआ है, जिसमें 5 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि रसूलपुर बायपास स्थित देवास विकास प्राधिकरण द्वारा अपनी एक योजना के तहत भूमि अधिग्रहित की गई है। इस भूमि पर पांच लोगों द्वारा बाले-बाले न सिर्फ भूखंड बेच दिए गए, बल्कि रजिस्ट्री भी कर दी गई। इस मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। सीएसपी सुमित अग्रवाल के निर्देशन में थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र शशिकांत चौरसिया व उनकी टीम ने रसूलपुर स्थित विकास प्राधिकरण की अधिग्रहित भूमि पर धोखाधड़ी कर प्लाट विक्रय करने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आवेदक अंशु पिता श्याम बहादुर सिंह निवासी कमलाकुंज कालोनी देवास ने थाना औद्योगिक क्षेत्र में आवेदन दिया था कि रसूलपुर वार्ड में पटवारी हल्का नं. 12 के अंतर्गत देवास विकास प्राधिकरण द्वारा भूमि को अधिग्रहित किया गया है, किंतु इस अधिग्रहित भूमि पर ही आरोपीगण सदाकत अली, सनवर अली, नजर अली, नौशाद अली सभी निवासी रसूलपुर एवं राधेश्याम पिता रामप्रसाद कौशल निवासी अमोना देवास द्वारा 11 लाख 92 हजार रुपये लेकर एक 15 बाय 60 वर्गफीट का प्लाट शिकायतकर्ता को बेचा था। इतना ही नही उसकी रजिस्ट्री भी करवा दी गई थी, किंतु जब इस मामले की जांच हुई तो पता चला कि उक्त भूमि देवास विकास प्राधिकरण द्वारा अधिग्रहित की गई है, जिस पर किसी को प्लाट बेचने का अधिकार नहीं है। लिहाजा औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने सभी पांच आरोपियों के खिलाफ 19 अक्टूबर 2024 को धारा 318 (4), 316 (2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया था और तभी से मामले की जांच चल रही थी। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिन्हें न्यायालय में पेश किया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया।

## 12वीं तक के स्कूल सुबह 10 बजे के बाद खुलेंगे

**देवास** । जिले में लगातार गिरते तापमान को देखते हुए कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने स्कूलों के समय में बदलाव किया है। अब नर्सरी से लेकर कक्षा 12वीं तक के सभी स्कूल सुबह 10 बजे से पहले नहीं खुलेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार, समस्त शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त, मान्यता प्राप्त सीबीएसई, माध्यमिक शिक्षा मंडल और अन्य सभी बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों पर यह नियम लागू होगा।

### न्यूनतम तापमान 11 डिग्री पर आया

पिछले कुछ दिनों से देवास में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। मंगलवार को शहर का अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। राजस्थान की ओर से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण तापमान में और कमी आ रही है।पिछले चार दिनों में न्यूनतम तापमान में 6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट देखी गई है। इस लगातार गिरते तापमान के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले संभावित नकारात्मक प्रभावों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।




## न्यायाधीश ने बच्चों को उनके अधिकार बताए

**सोनकच्छ** । मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार व न्यायाधीश राघवेंद्रसिंह चौहान अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति सोनकच्छ के मार्गदर्शन में न्यायाधीश परिधि गुप्ता न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सोनकच्छ द्वारा न्यायोत्सव = विधिक सेवा सप्ताह 9 से 14 नवंबर अंतर्गत मंगलवार विश्व शिक्षा दिवस के अवसर पर संस्कार पब्लिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम बीसाखेड़ी तहसील सोनकच्छ में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में न्यायाधीश गुप्ता द्वारा शिक्षा का अधिकार, बच्चों के अधिकार , बाल श्रम निषेध अधिनियम, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम आदि कानून संबंधी जानकारी दी गई। बच्चों को पढ़ने लिखने के लिए प्रति प्रेरित भी किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य दिग्विजयसिंह बघेल, स्कूल स्टाफ, छात्र छात्राएं, विधिक सेवा कर्मचारी अर्चना दरिया उपस्थित रहे।

## यात्रा साहित्य में लोक और जन दोनों समाहित होते हैं : डॉ . सोडानी






**डॉ. यशोदरा भटनागर की पुस्तक पथ के पन्ने का हुआ विमोचन**

**देवास** । लिट्रेचर क्लब, देवास के तत्वावधान में मध्यप्रदेश साहित्य सम्मेलन की देवास इकाई के बैनर तले यात्रा साहित्य पर आयोजित एक दिवसीय कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार यशोधरा भटनागर के सद्यप्रकाशित यात्रा वृत्तांत पथ के पन्ने का विमोचन संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुप्रसिद्ध शास्त्रीय गायिका एवं विदूषी संजीवनी कान्त ने की।

कार्यक्रम में आमंत्रित विशिष्ट अतिथियों के रूप में विश्व प्रसिद्ध ट्रेवलर, लेखक एवं ब्लॉग राइटर संजय शेफर्ड , नोएडा, सुप्रसिद्ध न्यूरोलॉजिस्ट एवं प्रतिष्ठित यात्रा वृत्तांतकार डॉ. अजय सोडानी एवं प्रख्यात कहानीकार मनीष वैद्य ने मंच को सुशोभित किया। यशोधरा भटनागर की कथेतर विधा पर यह पहली पुस्तक है। इसके पूर्व कविता संग्रह व लघुकथा संग्रह के रूप में इनकी छह पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। कार्यक्रम को साहित्य जगत की जानी-मानी हस्तियों के रूप में उपस्थित प्रकाश कांत, सुप्रसिद्ध लेखक प्रताप सिंह सोढ़ी, वरिष्ठ साहित्यकार एवं चिंतक मनीष शर्मा सहित इंदौर व देवास विशिष्ट प्रबुद्ध जनों व लिट्रेचर क्लब के सदस्यों ने विशेष गरिमा प्रदान की।

सांझ की बेला में संपन्न विमोचन कार्यक्रम के पूर्व ईटी सभागार देवास में कथेतर विधा यात्रा साहित्य पर केंद्रित नवाचारी कार्यशाला सुबह दस बजे से अपरान्ह साढ़े तीन बजे के मध्य संपन्न हुई।

इस कार्यशाला में पैंतालीस प्रतिभागियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। तीन सत्रों में विभाजित कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार एवं चिंतक मनीष शर्मा, सुप्रसिद्ध यात्रा वृत्तांतकार महिमा वर्मा, इंदौर एवं विश्व प्रसिद्ध ट्रेवलर, लेखक एवं ब्लॉग राइटर संजय शेफर्ड, नोएडा ने प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया।

## लोहारदा नगर परिषद अध्यक्ष के इस्तीफे पर सीएमओ की चुप्पी टूटी

**सीएमओ ने कहा नहीं मिला इस्तीफा**



**लोहारदा** । लोहारदा नगर परिषद में अध्यक्ष संध्या सुनील मालू के इस्तीफे को लेकर मचे राजनीतिक घमासान के बीच आखिरकार मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) सतीश घावरी ने अपनी चुप्पी तोड़ दी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मेरे पास अभी तक अध्यक्ष का कोई त्यागपत्र प्राप्त नहीं हुआ है, न ही मैंने किसी को इस्तीफे के बारे में कोई जानकारी दी है। सीएमओ के इस बयान के बाद जहां नगर में चल रही चर्चाओं पर कुछ हद तक विराम लगा है, वहीं कई नए सवाल भी उठ खड़े हुए हैं। लोग यह पूछ रहे हैं कि अगर इस्तीफा दिया ही नहीं गया, तो फिर ऐसी अफवाहें और दावे आखिर फैल क्यों रहे हैं? स्थानीय राजनीतिक जानकारों का कहना है कि धुआं वहीं उठता है जहां आग लगी हो। यानी या तो अध्यक्ष लगातार पार्टी नेतृत्व को इस्तीफे की चेतावनी दे रही हैं, या फिर पार्टी और कुछ जनप्रतिनिधि मिलकर किसी तरह स्थिति को संभालने (डैमेज कंट्रोल) में जुटे हुए हैं। इस पूरे घटनाक्रम ने नगर परिषद की कार्यप्रणाली और सत्तापक्ष की आंतरिक खींचतान को फिर से सुर्खियों में ला दिया है। अब देखना यह होगा कि आने वाले दिनों में अध्यक्ष के इस्तीफा की हवा फिर चलती हैं या यह चर्चा भी राजनीतिक रणनीति बनकर रह जाती है।

## तीन माह से नप कर्मियों को तनख्वाह नहीं मिली

**काम बंद करने की चेतावनी दी**



**सोनकच्छ** । नगर परिषद के कर्मियों को तीन माह से वेतन नही मिलने के कारण आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। जिसके कार्ब नपकर्मी काफी परेशानी झेल रहे है। नगर परिषद के नपकर्मियों द्वारा मंगलवार को एकत्रित होकर नप सीएमओ अमरदास सेनानी को तनख्वाह संबंधित समस्या से अवगत कराया। नपकर्मियों ने कहा कि उनका तीन माह वेतन रुका हुआ है। जिसके कारण आर्थिक तंगी झेल रहे है। साथ ही दूध, किराना, दवा व्यवसायी को रुपए नही दे पा रहे है। बच्चों की स्कूल की फीस भी नही भर पा रहे है। अगर समय रहते तनख्वाह नही दी जाएगी तो हम पेयजल व सफाई व्यवस्था बंद कर देंगे। जिसकी जवाबदारी शासन की रहेगी। उधर नप द्वारा उपस्थिति के लिए अटेंडेस सॉफ्टवेयर बनाया है उसमें भी तकनीकी खामी आ रही है। जिसकी वजह से कार्य प्रभावित भी हो रहा है एक निश्चित समय भी ही उपस्थिति ली जाएं व एक व्यक्ति की नियुक्ति की जाएं जो हमारी उपस्थिति ले। सीएमओ ने सभी समस्या को सुनकर कहा कि, उपस्थिति के लिए व्यवस्था जुटाई जा रही है। शासन से चुंगी प्राप्त नही हुई थी। जैसे ही प्राप्त होगी तनख्वाह दे देंगे।

# पत्रकारों ने मुख्यमंत्री को याद दिलाया अपना वादा

**6 सूत्रीय मांगों का स्मरण पत्र कलेक्टर को सौंपा**



**देवास** । मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला इकाई देवास द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को उनके ही वचनों की याद दिलाते हुए 6 सूत्रीय स्मरण पत्र मंगलवार को देवास कलेक्टर ऋतुराज सिंह को सौंपा। यह मांगपत्र प्रदेशभर में एक साथ सभी जिला मुख्यालयों पर सौंपा गया। पत्रकारों ने कहा कि मुरैना महाधिवेशन में मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए आश्वासनों के बावजूद आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।पत्रकार संघ के 25वें त्रिवर्षीय महाधिवेशन, जो 26 मार्च 2025 को मुरैना में हुआ था,में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पत्रकारों की विभिन्न मांगों पर जल्द चर्चा कर निराकरण का आश्वासन दिया था। लेकिन छह माह बीत जाने के बावजूद कोई प्रगति नहीं होने पर पत्रकारों ने सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए यह राज्यव्यापी स्मरण पत्र अभियान शुरू किया।रतलाम के बाद मंडला में हुई प्रदेश कार्यसमिति बैठक में भी इस विषय पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई थी कि सरकार की ओर से पत्रकारों की समस्याओं के समाधान के लिए कोई पहल दिखाई नहीं दे रही है। ज्ञापन का वाचन जिला अध्यक्ष आनंद गुप्ता ने किया,आभार कार्यकारी अध्यक्ष अरविंद चौकसे ने माना।उक्त जानकारी महासचिव चेतन राठौड़ ने दी।

**6 सूत्रीय प्रमुख मांगें**

पत्रकार सुरक्षा कानून प्रदेश में तत्काल लागू किया जाए।भोपाल के मालवीय नगर स्थित पत्रकार भवन की भूमि जो कांग्रेस सरकार ने वापस ले ली थी, उसे पुनः पत्रकारों को लौटाया जाए।पत्रकार पेंशन (श्रद्धा निधि) योजना में अधिमान्यता की शर्त समाप्त कर इसे आजीवन देने का नियम बनाया जाए। जिला मुख्यालयों पर पत्रकार भवन हेतु निशुल्क भूमि उपलब्ध कराई जाए।राज्य के पत्रकारों को टोल टैक्स से मुक्त किया जाए और पत्रकार संघ के सदस्यता कार्ड को वैधता दी जाए। पत्रकार स्वास्थ्य बीमा योजना निशुल्क कर प्रदेश के सभी पत्रकारों को इसका लाभ दिया जाए।

## महापौर प्रतिनिधि ने किया डॉग हाउस का निरीक्षण



**देवास** । नगर निगम द्वारा स्थानिय ट्रेंचिंग मैदान पर डाग हाउस का निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात यहां के कार्य अंतिम चरण मे हैं। विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल के द्वारा निगम स्वास्थ्य विभाग समिती अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिह बैस के साथ मंगलवार 11 नवम्बर को उक्त डाग हाउस का निरीक्षण किया गया।। निरीक्षण मे श्री अग्रवाल ने बताया कि डाग हाउस के कार्य अंतिम चरणों मे हैं। इसमें विद्युत, पेयजल की व्यवस्था एक सप्ताह मे पूर्ण होगी। उन्होंने आगे कहा कि शहर मे बढते आवारा श्वान एवं लोगों को काटने की शिकायतें मिल रही है। ऐसी स्थिती मे डाग हाउस मे आवारा श्वनों को पकडकर लाया जावेगा तथा उनकी नसबंदी की जावेगी। नसबंदी हेतु निगम द्वारा टेण्डर प्रक्रिया शीघ्र की जावेगी। जिसमें चिकित्सक व मेडिकल दवाईयां भी शामिल रहेगी। श्री अग्रवाल ने बताया कि एक माह मे 5 सौ श्वानों का लक्ष्य रखा जाकर कार्यवही की जावेगी। श्री अग्रवाल व श्री बैस ने बताया कि शहर मे जिन लोगों द्वारा अपने पालतु श्वानों का पालन कर रहे हैं वे नगर निगम मे रजिस्टर्ड अवश्य करवा लेवें। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि रूपेश वर्मा, निगम स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया, स्वच्छता निरीक्षक रवि गोयनार, दिनेश मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## मालवी सेन समाज का दीपावली मिलन और अन्नकूट महोत्सव 13 नवम्बर को



**देवास** । मालवी सेन समाज धर्मशाला ट्रस्ट द्वारा 13 नवंबर, गुरुवार को दीपावली मिलन समारोह और अन्नकूट महोत्सव का भव्य आयोजन होने जा रहा है। अध्यक्ष अशोक वर्मा ने बताया कि उक्त कार्यक्रम समाजिक एकता, परंपराओं और साथ की मिठास का सुंदर संगम बनेगा। एबी रोड, बस स्टैंड के पास स्थित सेन धर्मशाला में शाम 5 बजे से शुरू होने वाले इस आयोजन में मिलन समारोह और सम्मान कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें समाज के विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान किया जाएगा। इसके पश्चात रात 8 बजे से विशाल अन्नकूट और प्रीतिभोज शुरू होगा। समाज के स्वामी योगेंद्र भारती, ट्रस्टीय सचिव कचरूलाल वर्मा, कोषाध्यक्ष अशोक चौहान, उपाध्यक्ष महेश बोडाने, हेमंत वर्मा, समाजसेवी जीतु चौहान आदि मालवी सेन समाज जनों से सपरिवार उपस्थित होकर इस आनंदमयी अवसर को सफल बनाने की अपील की है।

**एक नजर** आगामी दिनों में आ सकती है सिंचाई की परेशानी

# नवंबर माह में भी पानी रोको अभियान में रुचि नहीं

**बागली** । बागली क्षेत्र की जीवन रेखा काली सिंध नदी गुनेरा गुनेरी नाला लगभग 40 से 60 किलोमीटर का लंबा सफर बागली क्षेत्र में तय करता है। कुप तालाब से आरंभ होकर राजगढ़ खाल भी लंबी दूरी तय करता है वही पहाड़ी क्षेत्र से निकलने वाली गुनेरी नदी चार पंचायतो को पार करते हुए मौखा पिपलिया के नजदीक काली सिंध नदी में मिलती है। काली सिंध नदी भी बरझाई ग्राम पंचायत से निकलकर बागली नगर परिषद छतरपुरा नयापुरा अवल्दी मौखा पिपलिया देवगढ़ होते हुए सोनकच्छ क्षेत्र में प्रवेश करती है।

इन नदियों के बहता पानी को रोकने के लिए 20 से अधिक स्थान पर पानी रोकने की व्यवस्था पंचायतो द्वारा की जाती है। यही व्यवस्था बागली में नगर परिषद द्वारा प्रतिवर्ष की जाती रही है । लेकिन इस वर्ष नवंबर का दूसरा सप्ताह आरंभ होने को है ।अभी तक पानी रोको अभियान में पंचायत और नगर परिषद द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई जिसके चलते प्रतिदिन हजारों किलोलीटर पानी व्यर्थ में बह रहा है।बेहरी क्षेत्र से जुड़े किसानों ने बताया कि प्रतिवर्ष अक्टूबर माह में पानी रोकने का अभियान पंचायत द्वारा शुरू कर दिया जाता है। लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया जबकि गेहूं एवं चना फसल बाहर आकर 15 से 20 दिन की हो गई है।

पानी रुक जाने से किनारा क्षेत्र वाले किसान आसानी से सिंचाई कर सकते हैं। तथा गर्मी तक मवेशियों को पीने के पानी की व्यवस्था भी हो जाती है।ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन से मांग की है कि समय रहते व्यर्थ बहता पानी को रोकने का अभियान शुरू किया जाए।

इस संबंध में जनपद सीईओ बागली द्वारा अभी तक कोई आदेश जारी नहीं किया जिसके चलते पंचायत भी सुस्त अवस्था में दिखाई दे रही है। इसी प्रकार मालीपुरा रामपुरा चार बर्डी धावड़िया अंबा पानी सेवनिया ग्राम पंचायत में भी अपनी रोको अभियान की दरकार है यहां से भी पहाड़ी नाले निकलते हैं जिसके चलते कई हेक्टेयर भूमि पर सिंचाई होती है।